भारत सरकार

वित्त मंत्रालय

वित्तीय सेवाएं विभाग

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 9**

जिसका उत्तर 4 दिसम्बर, 2023/13 अग्रहायण, 1945 (शक) को दिया गया

**एकीकृत भुगतान इंटरफेस प्रणाली (यू .पी.आई.)**

9. श्री धैर्यशील संभाजीराव माणे:
श्री संजय सदाशिवराव मांडलिक:
श्री श्रीरंग आप्पा बारणे:
श्री सुधीर गुप्ता:
श्री प्रतापराव जाधव:

क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई)/सरकार का सीमा-पार भुगतानों के लिए एकीकृत भुगतान इंटरफेस प्रणाली (यूपीआई) को अन्य देशों की त्वरित भुगतान प्रणालियों से जोड़ने का विचार है;

(ख) यदि हां, तो सरकार का यह कदम भुगतान में आसानी के लिए व्यक्तियों या वित्तीय क्षेत्र के प्रयोक्ताओं के लिए किस प्रकार सहायक सिद्ध होगा;

(ग) क्या यूपीआई को अन्य देशों की त्वरित भुगतान प्रणालियों से जोड़ने से देश की विप्रेषण अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलेगा और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) देश में भुगतान के लिए अधिक से अधिक लोगों को यूपीआई का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित करने हेतु सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए/उठाए जा रहे हैं?

**उत्तर**

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (डॉ. भागवत कराड)

**(क) से (ग):** भारत सरकार और भारतीय रिज़र्व बैंक (आरबीआई) का यह प्रयास रहा है कि एकीकृत भुगतान इंटरफेस (यूपीआई) प्रणाली को अन्य देशों की तीव्र भुगतान प्रणालियों से सम्बद्ध किया जाए ताकि क्रॉस-बॉर्डर भुगतान की सुविधा उपलब्ध करायी जा सके। अन्य देशों की तीव्र भुगतान प्रणालियों के साथ यूपीआई को सम्बद्ध करने से उपयोगकर्ताओं को बेहतर सुविधा और पारदर्शिता के साथ 24x7 रियल टाइम और किफायती क्रॉस बॉर्डर विप्रेषण (रेमिटेंस) की सुविधा मिलती है। इस प्रकार की सुविधा सिंगापुर के साथ फरवरी 2023 से आरंभ हो चुकी है। इससे भारतीय ग्राहकों को यूपीआई के माध्यम से पैसे सीधे भेजने और प्राप्त करने में सहायता मिलेगी जिससे सिंगापुर से भारत और भारत से सिंगापुर क्रॉस बॉर्डर विप्रेषण की औसत लागत कम हो जाती है।

**(घ):** सरकार ने यूपीआई को बढ़ावा देने के लिए "रुपे डेबिट कार्ड और कम मूल्य वाले भीम-यूपीआई लेनदेनों (पी2एम) का अत्यधिक प्रयोग करने के लिए प्रोत्साहन योजना" नाम से एक योजना का शुभारंभ किया है। सरकार द्वारा पीएम स्वानिधि योजना के अंतर्गत स्ट्रीट वेंडर्स की डिजिटल ऑनबोर्डिंग के लिए एक विशेष अभियान चलाया गया। इसके अतिरिक्त, नवोन्मेषी उत्पाद, विशेष रूप से यूपीआई-केंद्रित उत्पाद जैसे 123पे, यूपीआई लाइट, यूपीआई लाइट एक्स, रुपे क्रेडिट कार्ड को यूपीआई से लिंक करना और यूपीआई आधारित क्रेडिट लाइन आरंभ किए गए हैं। सरकार द्वारा विभिन्न मंत्रालयों/विभागों और संगत हितधारकों के सहयोग से जागरूकता अभियान, जिसमें मीडिया अभियान भी शामिल हैं, नियमित रूप से आयोजित किए जा रहे हैं।

*****